प्रकाशनार्थ

पटना, 31 जुलाई। आद्री स्थित पर्यावरण एवं जलवायु अध्ययन केन्द्र (सीएसईसी) का **EIACP** केन्द्र के द्वारा 25 जुलाई से प्रारम्भ ''#प्लांट4मदर'' अभियान के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम आज समाप्त हो गया। ईको-क्लब फाॅर मिशन लाइफ के साथ पटना के 6 सरकारी विद्यालयों के परिसर में 175 पौधों का रोपण किया गया। ये पौधे पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभागए बिहार सरकार के सहयोग से उपलब्ध कराए गए थे। सीएसईसी-आद्री का **EIACP** केन्द्र पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार का एक संसाधन सहभागी है और पर्यावरण और संसाधन प्रबंधन में जागरुकता फैलाने और क्षमता निर्माण के कार्य में लगा है।

भारत के माननीय प्रधानमंत्री ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वृक्षारोपण करके ''#प्लांट4मदर'' अभियान की शुरुआत की थी। इस अवसर पर उन्होंने प्रेम और अपनी मां के सम्मान में दुनिया के लोगों से एक वृक्ष लगाने का आह्वान भी किया था। इस अभियान के तहत मिलर हाई स्कूल, पटना हाई स्कूल, राजकीय कन्या मध्य विद्यालय अदालतगंज, महंथ हनुमान शरण उच्च माध्यमिक विद्यालय, बांकीपुर राजकीय बालिका उच्च विद्यालय और श्री चन्द्र मध्य विद्यालय में वृक्षारोपण किया गया। इस अभियान में सभी विद्यालयों के ईको-क्लब और एनसीसी कैडर के छात्र-छात्राओं ने बढ-चढ़कर हिस्सा लिया। वृक्षारोपण के दौरान विद्यालयों के प्रधानाध्यापक और शिक्षकगण भी उपस्थित थे। **EIACP** केन्द्र, आद्री, पटना से डा. सुनील कुमार गुप्ता, पूजा कुमारी, अशुमन कुमार, संजीव कुमार और गुलशन कुमार ने भाग लिया।

(अंजनी कुमार वर्मा)